तापमान

अधिकतम 25.0 डिग्री

न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि वनांचल भूमि

रायपुर, बुधवार, 18 दिसंबर 2024



12 माओवाद पीड़ित, आत्मसमर्पित लोगों एवं...





12 बिहान से जुड़ कर अनिता को मिली आर्थिक आजादी







# माड़ मुठभेड़ में बचने माओवादियों ने मासूमों व ग्रामीणों को बनाया ढाल

## नक्सलियों की फायरिंग में चार नाबालिग हुए घायल, पुलिस करा रही उपचार

हरिभूमि न्यूज : जगदलपुर

माड़ में चार दिन पूर्व नक्सलियों के साथ हुए मुठभेड़ में चार नाबालिग बच्चों के घायल होने की भी खबर है। इन बच्चों व ग्रामीणों को मुठभेड़ के दौरान नक्सलियों ने ढाल बनाया था, जिन्हें चोट आई है। अब पुलिस इन बच्चों का उपचार करा रही है और उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। माड़ के कलहाजा-डोंड़रबेड़ा के जंगल में हुए मुठभेड़ में बच्चों के घायल होने की पुष्टि करते हुए आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि ओडिशा स्टेट कमेटी मेंबर 25 लाख के इनामी कार्तिक की जान बचाना के लिए माओवादियों ने नाबालिग बच्चों व ग्रामीणों का उपयोग मानव ढाल के रूप में किया था। नक्सलियों के फायरिंग के चलते चार बच्चे घायल हो गए है। घायल बच्चों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज की व्यवस्था की जा रही है। इस मुठभेड़ में कई नक्सली भी घायल हुए है, जिनके इलाज आसपास के जंगल क्षेत्र में माओवादियों द्वारा किए जाने की सूचना मिली है।

गौरतलब है कि 12 दिसम्बर को दक्षिण अबूझमाड़ क्षेत्र के कलहाजा-डोंड़रबेड़ा के जंगल पहाड़ में माओवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ में 5 पुरूष एवं 2 महिला सहित कुल 07 सशस्त्र वर्दीधारी माओवादी का शव हथियार सहित बरामद किया गया था। जिसमें ओडिशा स्टेट कमेटी सदस्य 25 लाख इनामी कार्तिक उर्फ दसरू और उसकी टीम के अन्य ▶▶शेष पेज 12 पर



### घायल साथियों का नक्सली जंगल में करा रहे उपचार

आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार मुठभेड़ के दौरान ग्रामीणों को नक्सलियों का सामान ढोने के लिए साथ में रखा गया था और मुठभेड़ के दौरान इन्हीं ग्रामीणों की आड़ लेकर सुरक्षा बलों पर फायरिंग की गई थी। जिसमें नक्सलियों के फायरिंग में चार ग्रामीणों के घायल होने की सूचना मिली थी। माड़ मुठभेड़ में और भी कई माओवादियों के घायल होने तथा उनका इलाज आसपास के जंगल- क्षेत्र में माओवादियों द्वारा किए जाने की सूचना पुलिस को प्राप्त हुई है, जिसकी तस्दीक की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### शिविर में लोगों ने किया रक्तदान व 173 की जांच



**जगदलपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोहंडीगुड़ा में मंगलवार को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें कुष्ठ, क्षय रोग, मोतिया बिंद, मलेरिया, शुगर, ब्लड ग्रुप, बीपी तथा हीमोग्लोबिन जांच किया गया। स्वास्थ्य शिविर में रक्तदान किया, जिसमें अधिक संख्या में रक्तदाताओं द्वारा रक्तदान किया गया। स्वास्थ्य शिविर को 5 बजे समापन किया गया। शिविर में आये लाभार्थी की संख्या 173 रही। शिविर में डॉ. ऋतेष सिंह खंड चिकित्सा अधिकारी, प्रवीण निगम ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर, लोहंडीगुड़ा ब्लॉक के स्वास्थ्य विभाग अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल रहे।

### जैन ने सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के लिए प्रयास ही नहीं किया

**जगदलपुर।** नक्सलवाद पर नकेल कसते देख कांग्रेस पार्टी हताश व परेशान है। अमित शाह के आगमन को स्टील प्लांट का विनिवेशीकरण करने आये कर कह कर लोगों को गुमराह कर रही है। कांग्रेस के नेताओं को यह तक नही मालूम कि अमित शाह के पास कौन सा मंत्रालय है,अमित शाह ना इस्पात मंत्री है, ना उद्योग मंत्री, फिर किस हिसाब से अमित शाह प्लांट का निजीकरण करेंगे। वैसे भी अमित शाह को प्लांट विनिवेशीकरण करना ही होता तो उन्हें जगदलपुर में क्या करते,बल्कि हैदराबाद से एनएमडीसी मुख्यालय से सीएमडी को दिल्ली आमंत्रित करते। उक्त बातें नगरनार भाजपा मंडल अध्यक्ष सुब्रतो विश्वास ने कांग्रेस के पूर्व विधायक व कांग्रेस के शहर जिला अध्यक्ष के बयान पर पलटवार करते कहा। केंद्रीय गृहमंत्री बस्तर नक्सली खत्मा को लेकर आये थे उनका बस्तर प्रवास पर पूरी तरह सफल रहा। उनका लक्ष्य 2026 तक बस्तर से नक्सलवाद को खत्म करना है। बस्तर के विकास से कांग्रेस पार्टी का कोई लेना देना नहीं। सत्ता मे रहते हुए कितने विकास के काम कांग्रेस ने किया इसे बस्तर की जनता की पूर्व विधायक को बताना चाहिए। साथ ही कांग्रेस पार्टी के जिला शहर अध्यक्ष यह बताए कि सिटिंग विधायक रेखचंद जैन का टिकट क्यों काटा गया। आज नगरनार खुटपदर से पैदल मार्च की बात कांग्रेस कर रही है। 5 साल में एक बार भी खुटपदर में सुपर स्पेशियलीटी अस्पताल बनाने का प्रयास पूर्व विधायक ने किया होता तो आज नगरनार खुटपदर में सुपर स्पेशियलीटी अस्पताल होता।



### संघ करेगा प्रतिभाओं का सम्मान आज

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग अधिकारी कर्मचारी संघ जिला बस्तर के तत्वाधान में जिले के प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित कर सम्मान करेगी। संघ के जिला सचिव नीलमणी साहू ने बताया कि छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग अधिकारी कर्मचारी संघ के द्वारा प्रतिवर्ष विभिन्न क्षेत्रो में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिभाओ का वृहद सम्मान करती आई है। इसी तारतम्य में आगामी 18 दिसम्बर को देव सराय भवन समुद चौक में जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह तथा वार्षिक सम्मेलन आयोजित की जायेगी। जिलाध्यक्ष तुलादास मानिकपुरी ने बताया कि कार्यक्रम में जिले के सभी सातों ब्लाकों से संघ के सदस्य गण सम्मिलित होंगे। उन्होंने कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की आम नागरिकों से अपील की है।

## माड़ मुठभेड़ में मारे गए 40 लाख के इनामी 7 नक्सलियों के शव परिजनों के सुपुर्द किया

# 25 लाख के इनामी ओडिशा स्टेट कमेटी मेंबर का शव लेने तेलगांना से पहुंचे परिजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

चार दिन पूर्व 12 दिसम्बर को माड़ में नक्सलियों के साथ हुए मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने सात नक्सलियों को मार गिराया था। मुठभेड़ में मारे गए सभी सातों नक्सलियों के शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। मुठभेड़ में मारे गए ओडिशा स्टेट कमेटी मेंबर 25 लाख के इनामी रामचन्द्र उर्फ कार्तिक उर्फ दसरू उर्फ जीवन के शव को लेने तेलगांना से परिजन पहुंचे थे कागजी कार्रवाई के बाद सभी शवों को परिजनों को दे दिया गया।

- भारी मात्रा में हथियार व विस्फोटक हुआ था बरामद

गौरतलब है कि केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के दो दिवसीय बस्तर प्रवास से पूर्व सुरक्षाबलों द्वारा पिछले 48 घंट में 9 नक्सलियों को ढेर किया जा चुका है, इनमें सात नक्सली नारायणपुर जिले मे तथा दो नक्सली को बीजापुर जिले में मार गिराया गया था। माड़ व बीजापुर जिले में मुठभेड़ में मारे गए सभी 9 नक्सलियों के शवों को लेने पिछले 24 घंटे में उनके परिजनों को सौंप दिया गया।





सोमारी ओयाम पद - (पी.एम.) | सोमारू उर्फ मोटू पद - (पी.एम.) | रामचन्द्र उर्फ कार्तिक उर्फ दसरू उर्फ जीवन पद - (एस.सी.एम.) ओडिशा स्टेट कमेटी सदस्य, सचिव पश्चिम ब्यूरो | कमलेश उर्फ कोहला पद - (पी.एम.) | रैनू पोयाम पद - (पी.एम.) | गुडसा कुच्चा पद - (पी.एम.) | कोसी उर्फ रमिला मडकम, पद - (ए.सी.एम.)

### इंजीनियर था मारा गया नक्सली

मुठभेड़ में मारे गए माओवादियों में ओडिशा स्टेट कमेटी मेंबर 25 लाख का इनामी रामचन्द्र उर्फ कार्तिक उर्फ दसरू उर्फ जीवन भी शामिल था, जो इंजीनियरिंग में स्नातक था। मारे गए अन्य नक्सलियों में 5 लाख की इनामी एसीएम रेंक की रैनी उर्फ रमिला मडकम के अलावा अलावा 2-2 लाख के इनामी पीएम सोमारी ओयाम, गुडसा कुच्चा, रैनू पोयाम, कमलेश उर्फ कोहला, सोमारु उर्फ मोटू पार्टी मेंबर शामिल थे जिन पर 40 लाख का इनाम घोषित था।

### नक्सली दैनिक उपयोगी सामग्री बरामद

इस मुठभेड़ में चार जिले नारायणपुर, दंतेवाड़ा, जगदलपुर व कोण्डागांव डीआरजी के अलावा एसटीएफ व सीआरपीएफ की संयुक्त टीम के एक हजार से अधिक जवान शामिल थे। मुठभेड़ स्थल से सुरक्षाबलों ने 303 रायफल के अलावा बीजीएल लांचर, 12 बोर रायफल, भरमार बंदूक सहित भारी मात्रा में अन्य नक्सली दैनिक उपयोगी सामग्री बरामद किया था।

# एनएसयूआई ने आदिम जाति कल्याण मंत्री का पुतला फूंका



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

आदिवासी छात्रावासों में छात्राओं की सुविधाओं की कमी से हो रही मौत, बच्चों की सुरक्षा, हिंसा, आत्महत्या व स्वास्थ्य मांग को लेकर मंगलवार को एनएसयूआई ने आदिम जाति कल्याण मंत्री रामविचार नेताम का पुतला दहन किया।

- आदिवासी छात्राओं को स्वास्थ्य सुविधा व सुरक्षा देने में नाकाम भाजपा सरकार : खंबारी

जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के मार्गदर्शन पर एनएसयूआई शहर अध्यक्ष विशाल खंबारी के नेतृत्व में पुतला फूंका। श्री खंबारी ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार आदिवासी छात्र- छात्राओं को सुरक्षा, स्वास्थ्य सुविधाएं देने में पूरी तरह नाकाम साबित हो चुकी है। लगातार आश्रमों, छात्रावास व पिताकेबिन में पढ़ने वाले बच्चों की मौत हो रही है। वहीं आदिम जाति कल्याण विभाग मंत्री रामविचार नेताम द्वारा एक बार सुध नहीं ली जा रही है। विभाग के मंत्री और भाजपा सरकार गहरी नींद में सोई हुई है। सरकार आदिवासी छात्राओं को सुविधा देने में फेलियर है जिसका एनएसयूआई छात्र संगठन पुरजोर विरोध करता है। सरकार जल्द कोई समाधान नहीं निकलती है तो आगे और भी उग्र विरोध प्रदर्शन किया जायेगा।

**ये रहे मौजूद-** इस दौरान हनुमान द्विवेदी, अंगद प्रशाद त्रिपाठी, राजेश राय, सुभाष गुलाटी, सूर्या पानी, सहदेव नाग, रविशंकर तिवारी, अजय बिसाई, मोना पाढ़ी, ललिता राव, सायमा अशरफ,विक्रांत सिंह समेत अन्य मौजूद थे।

# कर्मचारियों की ज्वलंत समस्याओं पर चर्चा कर रणनीति होगी तय



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

जगदलपुरअविभाजित मध्य प्रदेश के समय से ही छत्तीसगढ़ राज्य में भी सबसे बड़ा कर्मचारी संगठन छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ का बस्तर संभागीय सम्मेलन 18 दिसंबर को होने जा रहा है। मुख्य अतिथि संघ के प्रदेश अध्यक्ष जीआर चंद्रा, अध्यक्षता प्रदेश महामंत्री गजेंद्र श्रीवास्तव तथा विशिष्ट अतिथि सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष कैलाश चौहान, छत्तीसगढ़ स्वास्थ सयोजक कर्मचारी संघ के प्रांत ▶▶शेष पेज 12 पर

- तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ का बस्तर संभागीय सम्मेलन आज

## विवि की कनिष्का का राष्ट्रीय सेवा योजना से आरडीसी में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर की होनहार छात्रा कनिष्का राजपूत का चयन आरडीसी (रिपब्लिक डे कैम्पस) 2025 के लिए हुआ है। यह चयन उनकी मेहनत, अनुशासन और उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिणाम है। आरडीसी में चयन एनएसएस कैडेट्स के लिए एक गौरवपूर्ण अवसर है, जहां देशभर से चुने गए कैडेट्स गणतंत्र दिवस परेड और अन्य राष्ट्रीय स्तर की गतिविधियों में भाग लेते हैं। यह शिविर भारत की सांस्कृतिक विविधता और युवाओं की शक्ति को प्रदर्शित करने का एक महत्वपूर्ण मंच है। कनिष्का राजपूत ने एन एस एस के विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों और कैम्पों में अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो मनोज कुमार श्रीवास्तव के निरन्तर प्रोत्साहन से यह अवसर प्राप्त हुआ है।



# 128 विदेशी व 203556 देशी पर्यटक पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

बस्तर जिले में स्थित कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान अपनी समृद्ध जैव विविधता, प्राकृतिक सुंदरता और वन्यजीव संरक्षण के लिए जाना जाता है। लगभग 200 वर्ग किलोमीटर में फैले इस अद्वितीय उद्यान में सघन वन, चूना पत्थर की गुफाएं और कई जलप्रपात हैं, जो इसे एक प्रमुख पर्यटन स्थल बनाते हैं। कांगेर घाटी के जंगलों में साल, सागौन, और बांस के साथ-साथ कई औषधीय पौधे भी पाए जाते हैं, जो इसे जैव विविधता की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण क्षेत्र बनाते हैं। जिसमें शुष्क पर्णपाती से लेकर आर्द्र उष्णकटिबंधीय जंगल शामिल हैं, यहां तेंदुआ, जंगली सूअर, चीतल, नीलगाय और पहाड़ी मैना जैसे दुर्लभ वन्यजीव पाए जाते हैं। इसके अलावा ▶▶शेष पेज 12 पर

- कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में 30 फीसदी बढ़ी पर्यटकों की संख्या
- जैव विविधता, प्राकृतिक सुंदरता व वन्यजीव संरक्षण के लिए जाना जाता है उद्यान



### युवाओं को मिला कमाने का अवसर

उद्यान के निदेशक चूड़ामणि सिंह ने बताया कि उद्यान से सटे गांव के युवक एवं युवतियों को गांव में ही रहकर आजीविका कमाने का अवसर प्रदान किया है। इससे गांवों में विकास के नए रास्ते खुले हैं और स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिला है। उद्यान में 25 गाइड हैं जिन्हें बेंगलुरु के आई नेचरलिस्ट स्कूल द्वारा विशेष प्रशिक्षण दिया गया है, वे पर्यटकों को वन्यजीवों, प्राकृतिक स्थलों और गुफाओं के बारे में सटीक जानकारी प्रदान कर रहे हैं। इन गाइडों ने पर्यटकों के अनुभव को और भी रोचक और शिक्षाप्रद बना दिया है।

## कालेजों की समीक्षा बैठक में सम्मलित होने उच्च शिक्षा सचिव विश्वविद्यालय पहुंचे

# बस्तर में उच्च शिक्षा में सुधार करना शासन के वरीयता कार्य में है : प्रसन्ना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

कॉलेजों के प्राचार्यों की समीक्षा बैठक में शामिल होने जगदलपुर पहुंचे उच्च शिक्षा के सचिव प्रसन्ना आर ने शुक्रवार को शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के साथ परिचर्चा की। इस दौरान प्रसन्ना ने विद्यार्थियों को समय के अनुसार अध्ययन करने और सफल होने रणनीति को लेकर प्रोत्साहित किया।

- विवि में टीचिंग और नॉन टीचिंग के करीब 400 पदों की भर्ती किए जाने का प्रयास किया जा रहा

विद्यार्थियों से बातचीत करते हुए प्रसन्ना ने कहा कि विद्यार्थी केवल सरकारी नौकरी के लिए पढ़ाई न करे बल्कि अपने कौशल को बढ़ाकर बिजनेस, इंटरप्रयोनरशिप, स्टार्टअप ईत्यादि में भी आगे बढ़े। विद्यार्थी अधिक से अधिक प्रैक्टिल नॉलेज और स्किल सीखने का प्रयास करें। तभी वे जॉब मार्केट में वैल्युबल हो सकेंगे। श्री प्रसन्ना ने विभिन्न अध्ययनशालाओं के विद्यार्थिंयों को मंच पर बुलाकर उनकी जरूरतें और सुझाव जानीं। कई मांगों पर शीघ्र विचार कर उसे पूरा करने का आश्वासन दिया।

श्री प्रसन्ना ने बताया कि बस्तर में उच्च शिक्षा में सुधार करना शासन की वरीयता कार्य में है। विवि में टीचिंग और नॉन टीचिंग के करीब 400 पदों की भर्ती किए जाने का प्रयास किया जा रहा है। लाइब्रेरी, मेंटरशिप और सॉफ्ट स्किल पर ध्यान दिया गया है। अगले दो-तीन वर्षों में यह विवि देश के सबसे सुंदर शासकीय विश्वविद्यालयों में एक होगा। सर्वसुविधायुक्त कैंपस बनाने की तैयारी की जा रही है। इस परिचर्चा कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ. राजेश लालवानी, डॉ. एस नेमा, डॉ. एएम मिश्रा, डॉ वीके सोनी, डॉ सजीवन कुमार, डॉ एसके डोंगरे, डॉ डीएल पटेल सहित अन्य उपस्थित थे। उक्त जानकारी विश्वविद्यालय के मीडिया ओरभरी डॉ वीके सोनी ने दी।




### विश्वविद्यालय में इंटर कनेक्टिविटी के लिए चलेगा ई रिक्शा

विवि के दोनों कैंपस के बीच इंटर कनेक्टिविटी के लिए ई रिक्शा भी चलाने के लिए प्रयास होगा। श्री प्रसन्ना ने कहा कि सही फीडबैक मिलेगा तभी हमलोग सही काम कर सकेंगे। बिना फीडबैक के कोई सुधार और नव प्रयास संभव नहीं होता है। विद्यार्थियों से बातचीत के बाद विवि के अतिथि व्याख्याताओं से भी बातचीत की। उपस्थित अतिथि व्याख्याताओं ने प्रदेश में अतिथि व्याख्याता से संबंधित नए प्रावधानों के लिए प्रसन्ना के प्रति आभार जताया। कुलपति प्रो एमके श्रीवास्तव ने कहा कि इस क्षेत्र के विद्यार्थी भी निर्भय होकर अपनी बात रखने की क्षमता रखते हैं। उनकी मांगों पर विवि बहुत तेजी से काम कर रहा है। प्रो श्रीवास्तव ने कहा कि बस्तर क्षेत्र में उच्च शिक्षा के सपनों को साकार करने विवि के नव निर्माण में सौ करोड़ की संस्तुति दिलाने में प्रसन्ना सर का योगदान प्रेरणीय है।


## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9149027841

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124

## खबर संक्षेप

### आपदा पीड़ित वारिस को 4 लाख की आर्थिक सहायता राशि

**कोण्डागांव।** कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6–4 के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा पीड़ित के प्रकरण में वारिस को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि प्रदान की गयी। कलेक्टर द्वारा बड़ेराजपुर तहसील के ग्राम छोटेमालगांव निवासी अशवन कुमार वट्टी की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर पिता नारदराम वट्टी को आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गयी है। उक्त स्वीकृत आर्थिक सहायता राशि सम्बन्धित वारिस के बैंक खाते में हस्तांतरित करने के निर्देश सम्बन्धित तहसीलदार को दिए गए हैं।

### त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2024–25 के आरक्षण की गई कार्यवाही स्थगित

**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2024–25 के आरक्षण की कार्यवाही के लिए जारी समय–सारणी को अपरिहार्य कारणों से स्थगित की गई है। उक्त निर्देश के परिपालन में कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्र जनपद पंचायत अध्यक्ष, जनपद पंचायत निर्वाचन क्षेत्र सरपंच एवं वार्ड पंच के आरक्षण के लिए जारी समय सारिणी को तत्काल प्रभाव से स्थगित किया गया।

### नगरीय निकायों के लिए आरक्षण प्रक्रिया की तिथि में संशोधन

**कोण्डागांव।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत द्वारा नगरीय निकायों में निर्वाचन–2024 के लिए वार्डो का आरक्षण के लिए नियत तिथि में अपरिहार्य कारणों से संशोधित करते हुए 19 दिसम्बर को दोपहर 2 बजे आरक्षण की प्रक्रिया के लिए तिथि निर्धारित की गई है। जारी आदेश के अनुसार नगरपालिका परिषद कोण्डागांव के 22 वार्ड, नगर पंचायत फरसगांव के 15 वार्ड और नगर पंचायत केशकाल के 15 वार्ड के लिए 19 दिसंबर दिन गुरूवार को अपरान्ह 2 बजे से आरक्षण प्रक्रिया शुरू होगी।

# कोंडागांव की हेमवती ने राष्ट्रीय स्कूल जूडो प्रतियोगिता अगरतला में जीता रजत

## नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के उभरते खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा बनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

त्रिपुरा की राजधानी अगरतला में 12 दिसंबर से 15 दिसंबर तक आयोजित 68वीं राष्ट्रीय स्कूल प्रतियोगिता–2024 में जिले की प्रतिभाशाली खिलाड़ी हेमवती नाग ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए जूडो प्रतियोगिता में रजत पदक हासिल किया। इस उपलब्धि से न केवल जिले का मान बढ़ा है, बल्कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के उभरते खिलाड़ियों के लिए एक प्रेरणा बनी है। कोंडागांव जिले से प्रतियोगिता में कुल 4 खिलाड़ी शामिल हुए जिन्हें 41वीं वाहिनी भारत–तिब्बत सीमा पुलिस आईटीबीपी के प्रशिक्षकों द्वारा विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया था। हेमवती नाग के इस असाधारण




### नाग की सफलता क्षेत्र के लिए प्रेरणा

हेमवती नाग की इस सफलता से यह सिद्ध हुआ है कि उचित मार्गदर्शन और प्रशिक्षण के बल पर ग्रामीण और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के युवा भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का परचम लहरा सकते हैं। उनकी मेहनत और दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ–साथ प्रशिक्षकों के अथक प्रयासों का ही परिणाम है कि उन्होंने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में रजत पदक हासिल किया। आईटीबीपी सेनानी नरेन्द्र सिंह एवं प्रशिक्षक उदय यादव ने हेमवती नाग को बधाई देते हुए कहा कि इस सफलता से जिले के अन्य खिलाड़ियों को भी प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में ऐसे ही प्रशिक्षण कार्यक्रम जारी रहेंगे ताकि कोंडागांव का हर युवा राष्ट्रीय मंच पर अपनी पहचान बना सके। जिला प्रशासन ने भी पदक विजेता खिलाड़ी हेमवती नाग और प्रशिक्षक उदय यादव को सम्मानित करने की घोषणा की है।

प्रदर्शन के लिए आईटीबीपी के सेनानी नरेन्द्र सिंह और जिला प्रशासन कोंडागांव ने हर्ष व्यक्त किया है।

### प्रशिक्षण और आईटीबीपी का योगदान

*आईटीबीपी के 41वीं वाहिनी के सेनानी नरेन्द्र सिंह एवं प्रशिक्षक उदय यादव के नेतृत्व में जिले में लगातार खिलाड़ियों को जूडो सहित विभिन्न खेलों में प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। यह कार्यक्रम उप महानिरीक्षक क्षेत्रीय मुख्यालय भुवनेश्वर के दिशानिर्देशों के तहत चलाया जा रहा है। इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में युवाओं को खेलों के माध्यम से मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य किया है। जिसकी राष्ट्रीय स्तर पर सराहना की जा रही है।*

## आयोजन : नशामुक्त भारत अभियान में जनसहभागिता बढ़ाएं

# माओवाद पीड़ित, आत्मसमर्पित लोगों एवं उनके परिवारों को शासकीय योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पहुंचाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- कलेक्टर ने समय–सीमा की बैठक में दिए निर्देश

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक में विभागवार निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर ने विभागवार शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन करने और हर जरूरतमंद लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए पूरी जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। उन्होंने इस दौरान माओवाद पीड़ित एवं आत्मसमर्पित व्यक्तियों एवं उनके परिवारों को शासकीय योजनाओं का शत–प्रतिशत लाभ पहुंचाने के लिए सभी अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही नशामुक्त भारत अभियान के तहत अधिक से अधिक गतिविधियों का आयोजन कर आम नागरिकों की सहभागिता बढ़ाने और उन्हें जागरूक करने के निर्देश समाज कल्याण विभाग को दिए।

बैठक में कलेक्टर ने सहकार से समृद्धि के तहत सहकारी समितियों का गठन जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सहकार से समृद्धि के तहत 100 सहकारी समितियों का गठन किया जाना है। जिसके लिए सभी संबंधित विभाग के अधिकारी समिति गठन की प्रक्रिया में तेजी लाएं। उन्होंने राशन कार्डधारियों के शत–प्रतिशत ईकेवायसी के लिए खाद्य अधिकारी को निर्देश दिए। पीडीएस बारदाने के एकत्रीकरण कार्य को भी शीघ्र पूर्ण करने को कहा। दूसरे राज्यों से छुड़ाकर लाए गए बंधक श्रमिकों और उनके परिवारों को सभी शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने जिले के आंगनबाड़ियों को सक्षम आंगनबाड़ी में उन्नयन कार्य के प्रगति की भी समीक्षा की। कार्य में तेजी लाने के निर्देश जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग को दिए।



### खाद व बीज की उपलब्धता की जानकारी ली

*कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निमार्णाधीन आवास के प्रगति की जनपद पंचायतवार विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि स्वीकृत आवास के निर्माण में प्रगति लाने के लिए सभी नोडल अधिकारी अपने–अपने गांव में हितग्राहियों की बैठक लें। अप्रारंभ कार्य को शुरू कराने तथा निर्माणाधीन कार्य में प्रगति लाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने रबी फसल–2024–25 के लिए तैयारियों की भी समीक्षा करते हुए जिले में खाद और बीज की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि किसानों को खाद और बीज की कमी नहीं होनी चाहिए। इसके अलावा उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के निर्माणाधीन भवनों, वाटरशेड के कार्यों, स्वायल हेल्थ एंड फर्टिलिटी योजना से मृदा जांच, सहकारिता विभाग और आदिवासी विभाग के छात्रावास और आश्रम भवन निर्माण कार्य, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी अंतर्गत जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल प्रमाणीकरण के कार्यों के प्रगति की समीक्षा की।*

### ये रहे उपस्थित

*इस अवसर पर डीएफओ आर.के. जांगड़े, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।*

# कक्षा 9वीं की विज्ञान व कक्षा 11 वीं की हिंदी विषय से परीक्षा हुई शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

- शीत ऋतु का आगमन होते ही स्कूलों में अर्धवार्षिक परीक्षा शुरू
- दूसरे दिन हायर सेकंडरी स्कूल हरवेल में पेपर हल करते हुए विद्यार्थी

कोंडागांव जिले के विकासखंड बड़ेराजपुर क्षेत्र में इन दिनों जैसे ही शीत ऋतु का आगमन होता है वैसे ही कड़ाके की ठंड देखने को मिलती हैं। इसी बीच स्कूलों में अर्धवार्षिक परीक्षा शुरू हो चुकी है। परीक्षा 16 दिसम्बर से 1 जनवरी 2025 तक होगी। इसी कड़ी में हरवेल स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में दो पालियों में परीक्षा शुरू हो गई है। मंगलवार को दूसरे दिन परीक्षा कक्षा 9 वीं विज्ञान और कक्षा 11वीं हिंदी से विषय से शुरू हुई। दोपहर में 10वीं और 12वीं की परीक्षा होगी शुरू, जिसमें 263 विद्यार्थी शामिल हुए। परीक्षा के दौरान संस्था के प्राचार्य एवं समस्त शिक्षक- शिक्षिकाएं, स्टाफ मौजूद रहा।

# कच्चे धान खरीदी केंद्र में किसान कांग्रेस ने किया धरना-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

भानुप्रतापपुर ब्लॉक के ग्राम कच्चे क्षेत्र के किसानों की लगातार परेशानियां बढ़ती जा रही है। बीते 8 दिनों से धान खरीदी बंद है, जिससे किसानों को कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसान कांग्रेस के नेतृत्व में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करते हुए आरोप लगाया कि भाजपा सरकार किसानों के साथ लगातार वादाखिलाफी कर रही है। किसान कांग्रेस के पदाधिकारियों का कहना है कि धान खरीदी केंद्र में लगातार हो रही बारदाने की कमी से किसानों को खुद का बोरा देना पड़ रहा है। 3100 रूपए एक साथ देने वाली साय सरकार 2300 रूपएं देकर लोगों को ठगने का काम कर रही है। टोकन की व्यवस्था पूरी तरह से ठप हो गई है। सरकार के कारनामे से परेशान होकर कंप्यूटर आपरेटर हड़ताल में बैठ गए थे।



कच्चे में दो दिन के अंदर यदि किसानों की हित में धान खरीदी चालू नहीं की गई तो कांग्रेस पार्टी भानुप्रतापपुर से दल्ली के बीच में मेन रोड पर बैठकर चक्काजाम करेगी। आयोजित प्रदर्शन में जिला पंचायत अध्यक्ष हेमंत ध्रुव, जिला पंचायत सदस्य नवली मीना मंडावी, राजेंद्र साहू, अमर कचलाम, सुनाराम तेता, रीखी राम मंडावी, खेमलाल साहू, आकाश यदु, राजेंद्र उईके, हरि चंद्र कौड़ो, देवराज आंचल, कृष्ण कोसमा, दिलवर हिचामी, कोमल तेता, बैशाख हिड़को, रामदेव वट्टी, खेमलाल साहू, विजय सोरी, जयसिंह भुवर्या, जावेद खान, उमंग जैन, खिलेश मंडावी के अलावा किसान कांग्रेस, कांग्रेस कमेटी, युवा कांग्रेस आदिवासी कांग्रेस के पदाधिकारी व समस्त किसान उपस्थित होकर विरोध किया।

# सीपीएसई लेवल वेंडर डेवलपमेंट प्रोग्राम सह उत्पाद प्रदर्शनी 7 जनवरी से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- गुरु घासीदास विश्वविद्यालय परिसर बिलासपुर के रजत जयंती सभागार में होगा आयोजित

सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र के विकास और उनके लिए नए अवसरों की तलाश के उद्देश्य से एमएसएमई विकास कार्यालय, रायपुर, और गुरु घा सी दा स विश्वविद्यालय के सहयोग से दो दिवसीय सीपीएसई लेवल वेंडर डेवलपमेंट प्रोग्राम सह उत्पाद प्रदर्शनी का आयोजन 7 और 8 जनवरी 2025 को गुरु घासीदास विश्वविद्यालय परिसर बिलासपुर के रजत जयंती सभागार में किया जाएगा। इसमें छत्तीसगढ़ में कार्यरत प्रमुख सार्वजनिक उपक्रम, बैंकर्स भाग लेंगे बल्कि अन्य राज्य के सार्वजनिक उपक्रम भी भाग लेंगे। कार्यक्रम के दौरान सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों द्वारा अपने उत्पादों सेवाओं का प्रदर्शन किया जाएगा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों व केन्द्रीय सार्वजनिक उद्यमों को एक मंच उपलब्ध कराने के साथ–साथ क्रेता–विक्रेता, उपभोक्ता तथा विनिमार्ताओं के मध्य नेटवर्किंग के अवसर उपलब्ध कराना है। आपसी सहभागिता के साथ अपने औद्योगिक सम्बन्धों को सुदृढ़ बना सकें एवं एमएसएमई क्षेत्र के विकास को गति प्रदान कर सकें। इस कार्यक्रम में एमएसएमई इकाइयों का केन्द्रीय सार्वजनिक उद्यमों के साथ मौके पर ही विक्रेता पंजीकरण भी किया जाएगा जो कि सार्वजनिक उद्यमों के लिए वेन्डर के चयन में सहायक होगा। साथ ही इस कार्यक्रम के दौरान भारत सरकार की पब्लिक प्रोक्योमेंट पॉलिसी, उद्यम रजिस्ट्रेशन, जेम के अतिरिक्त एमएसएमई के लिए लाभप्रद केन्द्र व राज्य की विभिन्न योजनाओं आदि की भी जानकारी प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम से संबंधित अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर एवं ईमेल पर सम्पर्क किया जा सकता है।

# वैटलैंड संरक्षण संवर्धन के लिए वन मितान जागृति जनजागरण अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

ग्राम निराछिंदली के जलाशय के समीप वेटलैंड संरक्षण संवर्धन के लिए जन जागरण एवं वन मितान जागृति अभियान के तहत वन मंडल केशकाल के तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम गिरिदीप हाई स्कूल केशकाल एवं स्वामी आत्मानंद स्कूल केशकाल से चयनित छात्र–छात्राओं को वेटलैंड भ्रमण एवं जंगल यात्र कराई गई। स्थलीय जलीय एवं वन्य परिस्थिति तंत्र से स्थिति परिचित कराते हुए दोनों का महत्व बताया गया है। साथ ही विविध जीव जंतु वनस्पतियों से परिचित कराया गया और वन एवं उसकी उपयोगिता बताई गई।

कार्यक्रम में मुख्य वन संरक्षक कांकेर दिलराज प्रभाकर ने अपने उद्बोधन में वेटलैंड को सारगर्भित परिचय देते हुए प्रकृति संरक्षण में योगदान के लिए बच्चों से अपील किया। वन मंडल अधिकारी केशकाल गुरु नाथन एन. द्वारा बच्चों एवं ग्रामीणों को वनों के संरक्षण संवर्धन में योगदान की अपील किया गया। उपवन मंडलाधिकारी केशकाल श्रीमती सुषमा जे नेताम द्वारा प्राकृतिक संरक्षण संवर्धन और पेड़ों के महत्व के बारे में सहविस्तार बताया गया। इस अवसर पर सरपंच ग्राम पंचायत निराछिंदली मुकेश सोरी और विकास मित्र संस्था से डॉक्टर धनराज कुलदीप ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए छात्र–छात्राओं से चर्चा किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम में ग्रामीण एवं वन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों तथा ग्रामवासियों का सहभागिता रही।





# बिहान से जुड़ कर अनिता को मिली आर्थिक आजादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- ग्रामीण महिलाएं सफलता की ओर बढ़ा रहीं कदम

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' के तहत महिलाओं को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के प्रयास लगातार जारी हैं, जिसके सकारात्मक परिणाम भी सामने आ रहे हैं। ऐसे ही आत्मनिर्भरता की मिसाल हैं केशकाल विकासखंड के बहीगांव की श्रीमती अनिता नायक। जिला मुख्यालय से 17 किलोमीटर दूर स्थित बहिगांव की रहने वाली अनिता नायक। अनिता ने शासन की योजनाओं का लाभ उठाकर अपने जीवन को नई दिशा दी है। पहले उनका परिवार मजदूरी और कृषि कार्य पर निर्भर था। आय का स्रोत सीमित होने के कारण बच्चों की शिक्षा घर का खर्च और अन्य जरूरतों को पूरा करना कठिन था। घर की जरूरतों को पूरा करने के लिए उन्हें साहूकार से अधिक ब्याज पर ऋण लेना पड़ता था। जिससे परिवार की आय पर अधिक भार पड़ता था। लेकिन बिहान योजना से जुड़ने के बाद अनिता ने न केवल अपने परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार किया, बल्कि वे अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणास्रोत भी बन गईं।

**गंगा जमुना स्व-सहायता समूह से सशक्तिकरण की शुरुआत** - बहिगांव की महिलाओं को संगठित कर उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के उद्देश्य से 28 जून 2013 को 'गंगा जमुना स्व–सहायता समूह का गठन किया गया। अनिता नायक इस समूह से शुरुआत से ही जुड़ी हुई थीं। उन्होंने अन्य महिलाओं के साथ मिलकर छोटे–छोटे आजीविका कार्य शुरू किए। हालांकि उनके जीवन में बड़ा बदलाव तब आया जब 2018 में वे राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ीं। अनिता ने बताया कि उनके कई सपने थे लेकिन उन तक पहुंचने का कोई रास्ता नजर नहीं आता था। बिहान से जुड़ने के बाद उनके सपनों को साकार करने का रास्ता मिल गया। बिहान के अधिकारियों की सहायता से अनिता को बैंक से दो लाख रुपये का ऋण मिला जिससे उन्होंने कपड़े की एक छोटी दुकान शुरू की। आज उनकी दुकान में सभी प्रकार के कपड़े मिलते हैं।



**बहुआयामी आय से अनिता को मिल रहा आर्थिक लाभ** - कपड़ों की दुकान के साथ–साथ अनिता सब्जी उत्पादन और पशुपालन भी करती हैं। सब्जी उत्पादन से उन्हें 1.20 लाख रुपये की आय हुई है। अनिता पशुपालन भी कर रही है और दुग्ध उत्पादन से उन्हें लगभग 02 हजार रुपये की अतिरिक्त आय प्राप्त हुई है। इसके अलावा, राज्य सरकार की महतारी वंदना योजना के तहत उन्हें हर महीने 1,000 रुपये का आर्थिक लाभ मिल रहा है। अनिता की कुल मासिक आय अब 10,000 रुपये तक पहुंच गई है, और उनकी वार्षिक आय 1.20 लाख रुपये से अधिक है। इस व्यवसाय से अब तक अनिता ने लगभग 10 लाख रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया है।

**महिला सशक्तिकरण की ओर कोंडागांव** – अनिता नायक की सफलता बिहान योजना के लक्ष्यों को साकार करती है। यह केवल एक महिला की आर्थिक सशक्तिकरण की कहानी नहीं है, बल्कि यह सामाजिक बदलाव का प्रतीक भी है। पहले मजदूरी और कृषि पर निर्भर अनिता ने अपनी मेहनत और संकल्प से अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को न केवल मजबूत किया, बल्कि वे अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा भी बन गईं। अनिता की यह कामयबी केन्द्र एवं राज्य शासन की योजनाओं का परिणाम है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत बिहान जैसी योजनाएं ग्रामीण महिलाओं को संगठित कर स्व–सहायता समूहों के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने का अवसर प्रदान कर रही है। इन योजनाओं के तहत महिलाओं को न केवल आर्थिक सहायता मिलती है, बल्कि उन्हें व्यावसायिक प्रशिक्षण, बाजार तक पहुंच और आत्मनिर्भर बनने के लिए जरूरी संसाधन भी उपलब्ध कराए जाते हैं। अनिता नायक ने शासन को धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्हें जनकल्याणकारी याजनाओं का उठाकर उनका परिवार आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सशक्त होकर जीवनयापन कर रही हैं।

## पेज 11 के शेष

### माड़ मुठभेड़ में बचने...

सदस्य का शव बरामद हुआ था। उक्त मुठभेड़ में नक्सलियों के मिलिशिया तथा ग्राम रक्षा दल के द्वारा वरिष्ठ नक्सल कैडर कार्तिक का जान बचाने के लिए माओवादियों ने नाबालिग और ग्रामीणों का उपयोग मानव ढाल के रूप में किए जाने की खबर है।

### कर्मचारियों की ज्वलंत...

अध्यक्ष टारजन गुप्ता, तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के प्रांतीय कोषाध्यक्ष आलोक जाधव, फेडरेशन के बस्तर जिला संयोजक आरडी तिवारी होंगे। बस्तर संभाग में कर्मचारियों की इस बड़ी बैठक को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। जिसमें बस्तर संभाग के सात जिलों के जिला अध्यक्ष के साथ साथ प्रमुख पदाधिकारी एवं संभाग के प्रमुख पदाधिकारी कर्मचारियों की लंबित ज्वलंत समस्याओं पर विचार विमर्श कर आगामी रणनीति तय करेंगे। प्रदेश के कर्मचारियों का लंबित महंगाई भत्ता की एरियर्स राशि,चार स्तरीय पदोन्नति वेतनमान, अवकाश नगदीकरण को 240 दिनों के स्थान पर 300 दिन करने आदि कर्मचारियों की ज्वलंत मुद्दे वर्षों से आज भी लंबित है। संघ के प्रदेश महामंत्री गजेंद्र श्रीवास्तव,संभागीय अध्यक्ष अतुल शुक्ला,बस्तर जिला अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने सोमवार की शाम को बस्तर संभागीय सम्मेलन की संपूर्ण तैयारी को लेकर एक आवश्यक बैठक करते हुए संघ के पदाधिकारियों को अलग अलग जिम्मेदारी सौंपी।

### 128 विदेशी व...

यहां की नदियों और जलाशयों में मगरमच्छ और विभिन्न प्रकार की मछलियां भी देखी जा सकती हैं। तीरथगढ़ जलप्रपात अपनी शानदार जलधाराओं से पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देता है, जबकि कोटमसर गुफाएं अपने भूमिगत प्राकृतिक संरचनाओं और रहस्यमयी वातावरण के लिए जानी जाती हैं। उद्यान में हर साल हजारों पर्यटक आते हैं, जो यहां की प्राकृतिक विविधता और शांति का अनुभव करना चाहते हैं। बताया जा रहा है कि वर्ष 2024 के 11 माह में 203556 देशी एवं 128 विदेशी पर्यटक पहुंचे, पिछले वर्ष से इस वर्ष लगभग 30 फीसदी पर्यटक बढ़े। इसमें से जनवरी में 35526 देशी, 45 विदेशी, फरवरी में 15521 देशी, 11 विदेशी, मार्च में 11516 देशी, 28 विदेशी, अप्रैल में 7147 देशी, 5 विदेशी, मई में 9976 देशी, एक विदेशी, जून में 17843 देशी, जुलाई में 12234 देशी, अगस्त में 25291 देशी, सितंबर में 15720 देशी, 2 विदेशी, अक्टूबर में 32650 देशी, 12 विदेशी एवं नवंबर में 22132 देशी और 24 विदेशी पर्यटकों ने भ्रमण किया।

## खबर संक्षेप

### घासीदास जयंती पर शुष्क दिवस आज

**बीजापुर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी संबित मिश्रा द्वारा छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 के तहत वर्ष 2024 के लिए देशी-विदेशी मदिरा के फुटकर दुकानों का आबकारी नीति के अंतर्गत 18 दिसम्बर को गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है। जिसके अन्तर्गत जिला बीजापुर के समस्त देशी-विदेशी मदिरा दुकान व एफएल-7 सैनिक केंटीन में मदिरा धारण, विक्रय, परिवहन एवं परोसना पूर्णतः प्रतिबंधित है।

### वीर बाल दिवस का आयोजन



**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशन पर 16 से 26 दिसम्बर तक भारत की भविष्य के नींव के रूप में बच्चों को सम्मानित करने समर्पित एक राष्ट्रव्यापी उत्सव के रूप में वीर बाल दिवस का आयोजन के निर्देश महिला एवं बाल विकास विभाग को किया गया है। जिले में संचालित बाल देखरेख संस्था जिला प्रशासन द्वारा संचालित बालिका गृह एवं टुमारोज फाउंडेशन बालक बाल गृह बीजापुर में किया जाये। सप्ताह भर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन संस्थाओं में किया जावेगा यह कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवा दिमागों को पोषित करने रचनात्कता को बढ़ावा देने और उन्हे विकसित भारत के दृष्टि कोण में योगदान देने के लिए प्रेरित करने जोर देता है।

### नागरिकों का हुआ सम्मान



**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ सरकार के गठन को एक वर्ष पूर्ण होने पर एवं शासन के मंशा अनुरूप समाज कल्याण संचालनालय रायपुर के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर संबित मिश्रा के मागदर्शन में वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांग जनों के सम्मान समारोह एवं 23वां वार्षिक प्रांतीय पेंशनर्स डे का कार्यक्रम मंगल भवन नपा परिषद में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व वन मंत्री महेश गागड़ा सहित विशिष्ट अतिथि के रुप में जिला पंचायत सदस्य बी पुष्पा राव एवं नगर पालिका अध्यक्ष बेनहूर रावतिया तथा गणमान्य नागरिक निवास मुदलियार उपस्थित हुए। कार्यक्रम में 150 से अधिक वरिष्ट नागरिकों का सम्मान कम्बल एवं गमछा भेट कर किया गया।

### स्वास्थ्य शिविर 19 से

**गीदम।** एनपी एनसीडी कार्यक्रम अंतर्गत समस्त विखं स्तर पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन तय किया है। इन शिविरों में जिला चिकित्सालय दंतेवाड़ा के अस्थि रोग, दंत रोग, मनो रोग समेत विभिन्न विषयों के विशेषज्ञ डॉक्टर मौजूद रहकर मरीजों की जांच व उनका इलाज करेंगे। जांच व उपचार पूर्णतः निःशुल्क रहेगा। शिविर दंतेवाड़ा ब्लॉक में 19 दिसंबर को दंतेवाड़ा के दंतेश्वरी मन्दिर परिसर में, कटेकल्याण ब्लॉक में 19 दिसम्बर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में, 20 दिसम्बर को कुआकोंडा ब्लॉक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में होगा।

कोंटा में बस्तरिया राज मोर्चा की गूंज

# आदिवासी अधिकारों की रक्षा और बाहरी हस्तक्षेप के खिलाफ धरना-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा



कोंटा ब्लॉक में आज बस्तरिया राज मोर्चा द्वारा एक दिवसीय आमसभा और धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉमरेड मनीष कुंजाम ने की। जिन्होंने बस्तरिया राज मोर्चा के उद्देश्यों और आदिवासियों के अधिकारों की रक्षा के लिए संगठन की भूमिका को रेखांकित किया।

■ सभी आदिवासी संगठित होकर इस लड़ाई को मजबूत करें : कुंजाम

सभा के दौरान मंच पर रामा सोढ़ी, राजेश नाग, हड़मा मड़काम और अन्य वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। रामा सोढ़ी ने अपनी मातृभाषा में आदिवासी समुदाय को संबोधित करते हुए बस्तरिया राज मोर्चा के महत्व और इससे मिलने वाले फायदों को विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा कि यह संगठन आदिवासियों के जल, जंगल, जमीन और उनके संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए बना है। उन्होंने सभी आदिवासियों से अपील की कि वे संगठित होकर इस लड़ाई को मजबूत करें।

कॉमरेड मनीष कुंजाम ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि बस्तर भारत के संविधान में पांचवीं अनुसूची के तहत संरक्षित क्षेत्र है, लेकिन आज आदिवासियों के अधिकारों का लगातार हनन हो रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद भी आदिवासियों को उनका हक नहीं मिला। बाहरी लोगों द्वारा यहां के संसाधनों और संस्कृति पर कब्जा कर लिया गया है। जिससे आदिवासियों की आजीविका और अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है। मनीष कुंजाम ने यह भी कहा कि बाहरी लोगों को बस्तर से हटाना और क्षेत्र को आदिवासियों के लिए सुरक्षित बनाना बेहद जरूरी है।

सभा में यह भी मांग उठाई गई कि जैसे मध्य प्रदेश से अलग होकर छत्तीसगढ़ राज्य का गठन आदिवासियों के अधिकारों की रक्षा के लिए हुआ था, उसी तरह अब बस्तर को अलग राज्य बनाने की जरूरत है। मनीष कुंजाम ने कहा कि यह समय है जब आदिवासी समुदाय अपने अधिकारों, संस्कृति और संसाधनों की रक्षा के लिए एकजुट होकर संघर्ष करे।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। मंच और आयोजन स्थल पर रमणा राव, हड़मा मड़काम, इरफान खान, सोढ़ी कोसा, नसीद पाशा, सोढ़ी राजू, लीना ओयामी, नागराजू और रामबाबू जैसे प्रमुख नाम उपस्थित रहे। सभा में उपस्थित जनता ने बस्तरिया राज मोर्चा के उद्देश्यों के प्रति अपना पूरा समर्थन जताया और संघर्ष को और तेज करने का संकल्प लिया।

## यूथ एवं इको क्लब के जिला स्तरीय प्रशिक्षण प्रारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ के आदेश अनुसार कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन एवं जयंत नाहटा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के मार्गदर्शन में, जिले के चारो विकासखंड से 10-10 शिक्षकों के दर से कुल 40 शिक्षकों को जिला स्तरीय प्रशिक्षण के तहत प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

इस संबंध में प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से यूथ एवं इको क्लब के दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन 17 दिसंबर से जिले के ग्रंथालय में प्रातः 10 बजे से प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी एस के अंबस्ता और जिला मिशन समन्वयक हरीश प्रताप सिंह गौतम से प्राप्त जानकारी अनुसार इसमें राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर विजय कुमार गजीर और कोमल सिंह के द्वारा यूथ एवं इको क्लब के अंतर्गत द्वितीय चरण का प्रशिक्षण में जमीन मॉड्यूल एवं प्लास्टिक साक्षरता संबंधी कार्य, के बारे में विस्तार से बताया गया।

ज्ञात हो कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत यूथ एवं इको क्लब के माध्यम से छात्रों की बौद्धिक एवं सामाजिक विकास के लिए विभिन्न गतिविधियों को विद्यालय स्तर पर संचालित करने के निर्देश प्राप्त हुए हैं।

## विधायक ने निजी अस्पतालों में आयुष्मान योजना का लाभ गरीबों को नहीं मिलने का उठाया मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम



बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने विधानसभा में ध्यानाकर्षण सूचना के दौरान निजी अस्पतालों में गरीबों को आयुष्मान योजना का लाभ नहीं मिलने की बात कही है। विधायक ने विधान सभा में कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में स्वास्थ्य विभाग हेतु 7573 करोड़ 70 लाख का बजट प्रावधान किया गया था, जिसमें प्रधानमंत्री जन आरोग्य आयुष्मान भारत योजना हेतु 1526 करोड़ का प्रावधान था। उसमें प्रदेश के अस्पतालों में जीवन रक्षक दवाईयां, जांच हेतु रीएजेन्ट की खरीदी तक भी विभाग द्वारा नहीं किया गया। यहां तक कि देश एवं प्रदेश की महत्वपूर्ण जन कल्याणकारी आयुष्मान योजना का दावा भुगतान प्रदेश के निजी अस्पतालों को नहीं करने के कारण अस्पताल प्रबंधन द्वारा गरीब मरीजों का उपचार करना बन्द कर दिया गया है। आयुष्मान योजना के अंतर्गत निजी अस्पतालों को 1500 करोड़ का भुगतान लंबित होने से छोटे अस्पताल अपने कर्मचारियों का वेतन भुगतान तक नहीं कर पा रहे है। प्रदेश में आम जनता इलाज हेतु दर- दर भटकने को मजबूर हो रहे हैं। प्रदेश की जनता की गाढ़ी कमाई का पैसा प्रदेश सरकार द्वारा बजट के माध्यम से खर्च करने की जो योजना बनाई गई है उसका क्रियान्वयन नहीं हो रहा है। जबकि आयुष्मान योजना के तहत केन्द्रांश की राशि भी प्राप्त होती है। उसके बाद भी प्रदेश सरकार की देनदारी बढ़ती जा रही है। गरीबों की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर के व्यक्ति को नहीं मिल पा रहा है। जिसके कारण आम जनता को मजबूरी में प्रदेश के निजी अस्पतालों में अपना घर-बार आजीविका का साधन बिक्री कर नगद में उपचार कराना पड़ रहा है। इसके कारण प्रदेश की जनता को हो रही कठिनाईयों से शासन प्रशासन के प्रति रोष एवं आक्रोश व्याप्त है।

## लेम्पस के नवनियुक्त अध्यक्ष ने किया पदभार ग्रहण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

आदिम जाति सेवा सहकारी समिति लेम्पस बस्तर के नव नियुक्त अध्यक्ष पद पर मैदल सिंह मौर्य पदभार ग्रहण किया। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा लेम्पस में अध्यक्ष को नियुक्ति शासन के आदेश अनुसार किया जा रहा है। इसी कड़ी में बस्तर लेम्पस अध्यक्ष पद के लिए मैदल सिंह मौर्य लेम्पस कार्यालय बस्तर पहुंचकर पदभार ग्रहण किया। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष उदबोराम नाग, महामंत्री नरेंद्र जोशी, युवा मोर्चा अध्यक्ष राकेश ठाकुर, किरण सेठिया,चंदन झा रमेश ठाकुर, लालाराम साहू, फूलसिंह मौर्य, जिला सहकारी बैंक शाखा प्रबंधक कश्यप, लेम्पस प्रबंधक राजीव त्रिपाठी सहित क्षेत्र के किसान मौजूद रहे।

## निवेदिता और बंटी की पढ़ाई के लिए मिला आर्थिक सहायता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा






सुकमा जिले के श्रमिकों और उनके परिवारों के लिए श्रम विभाग के द्वारा आर्थिक, शैक्षणिक और सामाजिक विकास के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ सीधे हितग्राहियों तक पहुंचाया जा रहा है। श्रम विभाग के अंतर्गत छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण में पंजीकृत गादीरास, सुकमा निवासी श्रमिक मृदंगो सरदार सपरिवार निवास करते हैं। परिवार में उनकी पत्नी और दो बच्चे हैं। उनका परिवार बहुत गरीब है। सरदार रोजी-मजदूरी करके अपना तथा अपने परिवार का पालन पोषण करते हैं। श्रम विभाग के द्वारा संचालित हितग्राहीमूलक योजनाओं से वे अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। श्रम विभाग के द्वारा संचालित मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत उनकी बेटी निवेदिता को 20 हज़ार रुपये और मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत 4 हज़ार रुपये की आर्थिक सहायता प्राप्त हुई। इसी तरह उनके बेटे बंटी को भी नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत श्रम विभाग के द्वारा 2 हज़ार रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की गई। छत्तीसगढ़ सरकार से प्राप्त आर्थिक सहायता से निवेदिता बीएससी फाइनल ईयर में पढ़ाई कर रही हैं तो वहीं उनका बेटा बंटी कक्षा 11वीं में पढ़ रहा है।

## बीईओ ने पद का रौब दिखाते हेड मास्टरों पर दबाव बनाकर लाखों का किया बंदरबाट: पामभोई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



भोपालपटनम ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रमेश पामभोई ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना में बीईओ प्रवीण लाल कुडेम पर भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाया है। उन्होंने अपने विज्ञप्ति में कहा है कि मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना कि राशि को खंड शिक्षा अधिकारी प्रवीण लाल कुडेम ने हेड मास्टरों पर दबाव बनाकर लाखों रुपए के भ्रष्टाचार किया है।

ब्लाक कांग्रेस के अध्यक्ष रमेश पामभोई नें कहा हैं कि अपने पद का दुरुपयोग करते हुए बीईओ प्रवीण लाल कुडेम ने स्कूलों में बैगर काम किए प्रधान अध्यापकों पर दबाव डाला और फिर राशि आहरण करवाकर आहरित राशि को वापस अपने पास रखवा लिया हैं। यह सीधे स्कूल जतन योजना के नाम पर भ्रष्टाचार है जिसकी जांच होनी ही चाहिए। रमेश पामभोई ने बीईओ प्रवीण लाल कुडेम पर एसएमसी अध्यक्षों पर दबाव डालने का आरोप भी लगाया है। उन्होंने कहा हैं कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार के दौरान स्कूल भवनों की मरम्मत सहित अन्य कार्यों के लिए स्कूल जतन योजना शुरू की गई थी और भोपालपटनम ब्लॉक के हर स्कूल को 5-5 लाख रुपये की राशि जारी किए गए थे। वर्तमान की भाजपा सरकार में बिना कार्य किए ही बीईओ इस योजना पर करोड़ रुपये खर्च कर दिये हैं लेकिन किसी भी स्कूल में कार्य नहीं हुआ है और योजना के पूरी राशि भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही है, और यह भ्रष्टाचार भाजपा सरकार के संरक्षण और देखरेख में हो रहा है। रमेश पामभोई ने यह भी कहा कि बीईओ प्रवीण लाल कुडेम नें वरदली संकुल केंद्र के स्कूल भवनों का रंग-रोगन और मरम्मत करने के नाम पर हेड मास्टर पर दबाव बनाया फिर उससे रुपये हासिल कर लिया। हेड मास्टर पर बीईओ प्रवीण लाल कुडेम का इस तरह से दबाव बनाकर रुपये लेना भ्रष्टाचार है। रमेश पामभोई ने अपने विज्ञप्ति में प्राशा सण्ड्रापल्ली, प्राशा रेड्डीपल्ली, प्राशा मामडीगुड़ा, प्राशा उस्कालेड़, माशा उस्कालेड़, नयापारा पामगल, माशा मिनकापल्ली, प्राशा केशाईगुड़ा, प्राशा दम्पया, प्राशा बोरगुड़ा रूद्रारम, प्राशा पेन्दलालम, प्राशा मीनूर, प्राशा मेटालाचेरू, प्राशा अर्जुनल्ली, प्राशा सोमनपल्ली, पूर्व माशा गुनालपेटा, माशा सण्ड्रापल्ली, नयापारा मद्देड़, माशा नरोनापल्ली, प्राशा तारुड, प्राशा गेर्रागुड़ा, प्राशा टिंगोलगुड़ा में भ्रष्टाचार किया गया।

## लचर स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए भूपेश सरकार और विक्रम मंडावी जिम्मेदार : श्रीनिवास



**बीजापुर।** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के बदहाली के लिए पूर्ववर्ती भूपेश सरकार की गलत नीतियों और स्थानीय विधायक विक्रम मंडावी चहेतों को लाभ पहुंचाने और गैर जरूरी मेडिकल एक्यूपमेंट की खरीदी करने का जिम्मेदार है। पूर्व सांसद प्रतिनिधि एवं भाजपा नेता श्रीनिवास रेड्डी ने कहा कि बीते चार वर्षों में विभिन्न मद से जिले के अस्पतालों के नाम पर बोगस सामग्रियों की खरीदी की गई। जिसके चलते स्वास्थ्य सेवाओं पर विपरीत असर पड़ा है। नेलसनार सहित अन्य स्थानों में बिना उपयोग के मेडिकल उपकरण जंग खा रहे हैं। जिला अस्पताल में बीते तीन वर्षों में बोगस खरीदी की भी जानकारी मिल रही है। भाजपा नेता श्रीनिवास रेड्डी ने कहा कि आखिर किसके संरक्षण में स्वास्थ्य जैसे मूलभूत सेवाओं में की गई बोगस खरीदी और फर्जी बिलों के चलते बीजापुर जिले की वर्तमान स्वास्थ्य सेवा प्रभावित की गई है। प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार के सुशासन के सूर्योदय के बाद ऐसे भ्रष्ट सप्लायरों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए।

■ चहेतों को लाभ पहुंचाने खरीदी गई गैर जरूरी मेडिकल सामग्री

## कोलचूर प्रीमियर लीग में बस्तर टीम विजयी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड



विकासखंड बस्तर के अंतर्गत विगत एक सप्ताह से खेले जा रहे ग्राम पंचायत कोलचूर प्रीमियर लीग का फाइनल मैच बस्तर विरुद्ध कोलचूर खेला गया। जिसमें टॉस जीतकर कोलचूर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। निर्धारित 12 ओवर में 66 रन बना कर आल आउट हो गयी। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बस्तर की टीम के ओपनर बल्लेबाज सागर और विक्रम ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुये 5 ओवर में ही 50 रन बना डाले। बस्तर टीम के कप्तान रजनीश पटेल ने छक्का मारकर बस्तर को 8 विकेट से मैच और ट्रॉफी बस्तर के नाम की। सागर बघेल को सीरिज में शानदार प्रदर्शन के लिए मेन ऑफ द सीरिज और केशवंत को बेस्ट बॉलर का अवार्ड दिया गया। पूरे सीरीज में बस्तर के चेयरमेन नरेन्द्र भारती का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ। बस्तर की ओर से रजनीश, सागर, अभिषेक, दिनेश, सानु, पप्पू, योगी, नर्सिंग, कृष्णा, विक्रम, अनंत, बल्लु, पवन, सीताराम, देवेंद्र, खगे, केशवंत, अनवारुल, कुणाल, राज कैलाश, किंशु शामिल थे।




# माता मंदिर में किया विशेष पूजा-अनुष्ठान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम





नगर के शीतला माता मंदिर में वार्षिक जात्रा का आयोजन किया गया। इसमे ब्लाक मुख्यालय के अलावा दंतेवाड़ा, बारसूर, समलूर, रोंजे, छिन्दनार, घोटपाल, कासोली, जैसे दूर दराज इलाको से भी लोग पहुँचे। इस मेले में आसपास के व्यापारी अपनी दुकान लगाते है, जिसमें ग्रामीण अपने जरूरत का सामान खरीदते है। परम्पराओं के चलते भी जात्रा में पहुँचने वाले लोग कुछ न कुछ सामान अवश्य खरीदते है। गौरतलब है कि बस्तर अंचल में जात्रा का विशेष धार्मिक महत्व होता है। इसमें ग्रामीण अपने देवी-देवताओं के साथ एकत्रित होते है और इन जात्राओं में क्षेत्र के विकास और खेती-बाड़ी में समृद्धि की कामना की जाती है। मंदिर के पुजारी के मुताबिक माता के सम्मान में यह उत्सव शुरू किया गया था, जहां चेचक सहित अन्य बीमारियों से निदान की और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की जाती है। मेले में पहुचने वाले ग्रामीण माता के प्रति अपना सम्मान प्रदर्शित करने के लिये चढ़ावा के रूप में नारियल, फल व अन्य चीजें माता को अर्पित करते है और माता के प्रसाद को लोग अपने घर भी ले जाते है। गीदम ब्लाक में स्थित शीतला माता मंदिर में प्रतिवर्ष मंगलवार को आयोजित होने वाली सालाना जात्रा का इस वर्ष भी बड़े धूमधाम हर्षोल्लास के साथ आयोजन हुआ। सुबह से ही माता मंदिर में विशेष पूजा-अनुष्ठान का आयोजन किया गया। माता के दर्शनों के लिये दिन भर भक्तों का ताता लगा रहा।

■ आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में जुटे लोग

### देव खेलनी रस्म अदा की

इस वर्ष शीतला माता जात्रा में प्रथम दिन 16 दिसंबर को भैरम जात्रा हुई। उसके बाद शीतला माता मंदिर गीदम में जात्रा कलश की स्थापना की गई। वही दूसरे दिन 17 दिसंबर को गांवदई पूजा व धनिया में उसेंडी डोकरा देव की पूजा की गई। उसके पश्चात शीतला माता पूजा की गई व देव खेलनी रस्म अदा की गई। वही शाम को दौनाबती उड़िया नाट व नाटगुरु मंगल/पिलादास का आयोजन किया जाएगा। वही 18 दिसंबर की सुबह देव विदाई व ध्वजा उतारनी रस्म के साथ यात्रा का समापन होगा।



## खबर संक्षेप

### खो-खो में ब्लू हाउस की छात्राएं प्रथम



**जगदलपुर।** डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल नकटी सेमरा आड़ावाल में शनिवार को बालिका खो-खो और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्पर्धा में रेड, ग्रीन, ब्लू, यल्लो हाउस की 36 छात्राओं ने भाग लिया। सभी छात्राओं ने अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन दिया, जिससे खो-खो में ब्लू हाउस छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और चित्रकला प्रतियोगिता में समीक्षा देवांगन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। संस्था प्रमुख प्राचार्य शैलेष कुमार ने बच्चों को उनकी प्रतिभा और कला के लिए प्रोत्साहित किया।

### निशांत बने जूनियर चेम्बर के अध्यक्ष



**जगदलपुर।** बस्तर चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष श्याम सोमानी, महामंत्री नवरतन जलोटा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विमल बोथरा आदि की उपस्थिति में बस्तर जूनियर चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज जगदलपुर वर्ष 2025 के लिए नए पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया। इसमें निशांत जैन अध्यक्ष, रोहित खत्री उपाध्यक्ष, देवेश सोनी सचिव, वेकंटेश्वर राव कोषाध्यक्ष, शिशिर झा सह सचिव एवं आदर्श दलाई को मिडिया प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई।

### खिलाड़ियों से मिले डीईओ



**जगदलपुर।** बस्तर ओलंपिक 2024 का आयोजन पूरे उत्साह के साथ चल रहा है। इसमें बस्तर संभाग के सभी जिलों के लगभग 3 हजार उत्कृष्ट खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। खिलाड़ियों को शहर के विभिन्न सामाजिक भवन एवं स्कूलों में ठहराया गया है। सभी खिलाड़ियों के लिए रविवार को नाश्ता और भोजन की व्यवस्था इंदिरा प्रियदर्शनी स्टेडियम परिसर से लगे हुए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी टाउन हाल में किया गया है। इस व्यवस्था का जायजा लेने जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल सुबह से ही स्थल पर पहुंचकर खिलाड़ियों से मिले और उनका हाल चाल जाना। साथ ही व्यवस्था के संबंध में उनसे बात करते हुए पूरे लगन और लक्ष्य के साथ प्रतियोगिता में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

### नेशनल सिविल सर्विसेज के लिए खिलाड़ियों का चयन



**जगदलपुर।** नेशनल सिविल सर्विसेज बैडमिंटन प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के नेशनल स्पोर्ट्स बोर्ड के द्वारा 16 दिसंबर को कोंडागांव में चयन स्पर्धा का आयोजन किया गया। इस चयन स्पर्धा में चयनित खिलाड़ी दिल्ली में 3 से 8 जनवरी तक होने वाली नेशनल बैडमिंटन प्रतियोगिता में भाग लेंगे। बी. एस.ध्रुव प्रभारी अधिकारी केन्द्रीय सूचना ब्यूरो हेमंत भगत, ज्वाइंट डायरेक्टर आईटी, नेशनल इंफर्मेटिक सेंटर कोंडागांव का चयन नेशनल के लिए हुआ है। दोनों खिलाड़ियों ने अपने प्रतिद्वंद्वियों को हराकर बस्तर का परचम लहराया और आरएसबीएस रायपुर की टीम में जगह बनाकर बस्तर को गौरवान्वित किया।

## विद्यार्थियों को जीवन में नई सकारात्मकता आएगी : सरपंच

# गांववासियों को नशा मुक्ति के प्रति करेंगे जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



धरमू माहरा शासकीय कन्या पॉलीटेक्निक जगदलपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष

- मानसिक और शारीरिक विकास में मददगार साबित होगा शिविर
- कन्या पॉलिटेक्निक में शुरू हुआ 7 दिवसीय शिविर

शिविर का शुभारंभ मंगलवार को तितिरगांव में हुआ। शिविर का मुख्य विषय श्मेरा युवा भारत के लिए युवा और डिजिटल साक्षरता के लिए युवा है। इसका उद्देश्य युवाओं को राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका के प्रति जागरूक करना और डिजिटल सुरक्षा के महत्व को समझाना है। शिविर के पहले दिन विद्यार्थियों ने तितिरगांव में स्वच्छता अभियान चलाया और सभी उपस्थित अतिथियों, शिक्षकों और छात्राओं के लिए भोजन भी तैयार किया।

शिविर का उद्घाटन सरस्वती मां की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से किया गया। इसके बाद संस्था की छात्राओं ने राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस का लक्ष्य गीत प्रस्तुत किया, जिसके बाद प्रोग्राम ऑफिसर सुषमा देवांगन ने शिविर के उद्देश्यों के बारे में सभी को विस्तार से जानकारी दी। तितिरगांव की सरपंच सोनशिरा गौतम ने शिविर में संस्था के विद्यार्थियों को हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को इस शिविर के माध्यम से गांव की संस्कृति और परंपराओं को जानने और समझने का अवसर मिलेगा, जिससे उनके जीवन में नई सकारात्मकता आएगी। उप सरपंच विष्णु प्रसाद पाणिग्रही ने भी शिविर की सराहना करते हुए कहा कि गांव के वातावरण से विद्यार्थी बहुत कुछ सीख सकते हैं। हायर सेकेंडरी स्कूल की प्राचार्य श्रीमती वंदना भदौरिया और मिडिल स्कूल के हेड मास्टर राम कृष्ण प्रसाद ने इस शिविर की सराहना की। शिविर उनके मानसिक और शारीरिक विकास में मददगार साबित होगा। कार्यक्रम का मंच संचालन व्याख्याता कु. एंजेलिन मैथ्यू ने किया। शिविर 21 दिसंबर तक चलेगा, जिसमें विभिन्न सामाजिक गतिविधियां कार्यशाला और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### जिम्मेदारियों को भी बढ़ाते शिविर

प्राचार्य एसके त्रिवेदी ने शिविर के माध्यम से विद्यार्थियों को समाज सेवा के प्रति जागरूक करने की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस तरह के शिविर न केवल विद्यार्थियों के व्यक्तिगत विकास में सहायक होते हैं, बल्कि समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारियों को भी बढ़ाते हैं। कार्यक्रम में डॉ. नमिता अगरकर ने एनएसएस के कार्यक्रमों की आवश्यकता और उनके महत्व पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि कैसे इस तरह के कार्यक्रमों से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता है और वे समाज सेवा के प्रति जागरूक होते हैं।



# सरकार गठन के एक वर्ष पूरे होने पर विभाग ने किया वरिष्ठजनों को सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




छतीसगढ़ शासन समाज कल्याण विभाग के निर्देश के तहत सरकार के गठन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिले के वृद्धाश्रम में निवासरत वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान, दिव्यांग कलाकारों, खिलाड़ियों, प्रतिभावों को सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके तहत 16 दिसम्बर को भारतीय रेड क्रास सोसायटी जिला शाखा के द्वारा संचालित तथा समाज कल्याण के अनुदानित संस्था में विभाग के अधिकारियों ने संस्था के लोंगों को योजनाओं, माता पिता भरण पोषण अधिनियम के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में समस्त वरिष्ठ जनों को साल-श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।

इसी प्रकार 17 दिसम्बर को स्नेहगीरी मिशनरी सिस्टर्स, आशा भवन वृद्धाश्रम, नकटी सेमरा में और शासकीय अस्थि बाधितार्थ बालगृह एवं शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ विद्यालय के संयुक्त रूप से दिव्यांगजनों हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समस्त वरिष्ठजनों को साल-श्रीफल देकर सम्मानित किया गया और दिव्यांग कलाकारों एवं छात्र छात्राओं द्वारा गायन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। संस्था के कला के क्षेत्र में उत्कृष्ट छात्र छात्राओं को स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन उप संचालक, समाज कल्याण विभाग सुचिता लकडा,मुकेश वासनिक, दयादास मानिकपुरी, सी.एन. माली, भेषज कुमार वर्मा, संजय के मनन, जावेद खान, बंशीधर बघेल, पूरन बघेल, नीतू मांझी, अनिल देवागन तथा समस्त कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# जनता कांग्रेस जे ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के संभागीय अध्यक्ष नवनीत चांद एवं जिले के पदाधिकारीयों ने राज्यपाल के नाम चुनाव से पहले बीजापुर जिले की जनता की मांगों को सामने रखते हुए 9 बिंदुओं का ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में विकास के नाम पर बीजापुर जिले में चल रहे अत्याचारों व फर्जी गिरफ्तारों को रोकने की मांग, घोषणा पत्र के अनुसार धान समर्थन मूल्य 3100 की मांग वह वर्तमान में दे रहे 2300 का विरोध, महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों व अपराधीक घटनाओं पर रोक लगाने तथा अन्य मांग ज्ञापन में की गई है। इस दौरान टांकेश्वर भारद्वाज, सौरभ झा, गुड्डू कोरसा, चनु कोड़ियाम, चलयामे आंगणपल्ली, गुलशन भंडारी, संतोष सिंह, अशोक उरसा, रमेश यमला तथा अन्य उपस्थित थे।



# हड़ताल पर बैठे नवनियुक्त अधिकारी-कर्मचारी संघ को कांग्रेस ने दिया समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

6 सूत्रीय मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे नगरीय निकाय के नवयुक्त अधिकारी-कर्मचारी संघ को शहर जिला कांग्रेस ने अपना समर्थन दिया। मंगलवार को धरना स्थल पहुंचकर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने कहा कि आप सभी कर्मचारी अधिकारी के कारण ही शहर साफ सुथरा रहता है आपके बदौलत ही नगर निगम जगदलपुर को रैंक मिलता है जिसका देश प्रदेश में नाम होता है आपकी मांगे पूर्णतः जायज है प्रदेश कि साय सरकार को संज्ञान लेते हुए आपकी मांगो को तत्काल पूरी करनी चाहिए। कांग्रेस पार्टी हमेशा आपके साथ कदम से कदम मिलाकर खड़ी है। पूर्व विधायक रेखचंद जैन ने कहा कि सत्ता में बैठी भाजपा सरकार सिर्फ कागजी लीपापोती तक सीमित है।

इस दौरान कविता साहू, राजेश राय, सहदेव नाग, लता निषाद, सूर्या पानी, सुशीला बघेल, दयाराम कश्यप, ललिता राव, जाहिद हुसैन, नवयुक्त अधिकारी-कर्मचारी संघ के अध्यक्ष जगदीश बघेल, कार्यकारी अध्यक्ष तेग बहादुर नेगी, संभागीय अध्यक्ष सुशील पांडेय समेत अन्य मौजूद थे।

# मालवाहक वाहनों के चलने से बासनवाही से सालेटोला तक सड़क हो गई जर्जर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुधावा

- जगदलपुर से रायपुर के लिए मार्ग किया गया है डायवर्ट
- गड्ढे होने से बढ़ी दुर्घटनाएं

जगदलपुर से रायपुर के लिए डायवर्ट किए गए मार्ग में भारी मालवाहन वाहनों के चलने से बासनवाही से सालेटोला तक सड़क बद से बद्तर हो गई है और जगह जगह गड्ढे हो जाने से ग्रामीणों का जीवन जीना दूभर हो गया है। मालवाहक वाहनों के चलने से कई जगह सड़को पर गड्ढे हो जाने से दुर्घटना की घटनाएं लगातार बढ़ने लगी है। जानकारी के अनुसार केशकाल घाट के निर्माण कार्य चलने से बसों को इस मार्ग में डायवर्ट किया गया था, परंतु



मालवाहक वाहनों के आने से स्थिति गंभीर हो गई है। अब तो बड़े मालवाहक भी बेधड़क रुप से चल रहा है, जिससे सड़क का स्थिति बहुत ही बद्तर हो चुका है। सालेटोला चौक में बड़ा गड्ढा हो गया है, जिसमें कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती हैं। सालेटोला चौक के व्यवसायियों काजूराम साहू, लक्ष्मी कुलदीप, शिवजी गुप्ता, विक्की कुलदीप आदि ने बताया कि चौक में गड्ढा हो जाने से सदैव दुर्घटना की आशंका बना रहता है।

## केंद्रीय गृह मंत्री व सीएम ने किया पौधारोपण...



**जगदलपुर।** शहर के अमर वाटिका परिसर में सोमवार की सुबह एक पेड़ शहीदों के नाम (पोदला उरस्कना) अभियान अंतर्गत पौधरोपण किया। इसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पीपल एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रूद्राक्ष के पौधा का रोपण किया। इस दौरान वन विभाग के वनमंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता भी शामिल रहे।

# मुख्यमंत्री गौरव शिक्षा अलंकरण से सम्मानित हुए मनीष अहीर

हारिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ स्कूल शासन शिक्षा विभाग द्वारा हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल के उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को मुख्यमंत्री गौरव शिक्षा अलंकरण शिक्षाश्री से सम्मानित किया जाता है। इसी कड़ी बस्तर संभाग की शिक्षकों का पुरस्कार समारोह बस्तर संभाग के संयुक्त कार्यालय में आयोजित किया गया, जिसमें पूरे संभाग से नौ शिक्षकों को शिक्षा मुख्यमंत्री गौरवश्री अलंकार पुरस्कार से सम्मानित किया गया।



जगदलपुर से शाउमावि बड़े मुरमा के व्याख्याता मनीष कुमार अहीर को मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण से सम्मानित किया गया।

जिला शिक्षा अधिकारी बलिराम बघेल, डीएमसी अखिलेश मिश्रा, विकासखंड अधिकारी भारतद्वाज, बीआरसी गरुड़ मिश्रा के मार्गदर्शन में व्याख्याता के द्वारा लगातार पढ़ाई में नवाचार करते हुए कोरोना कल से नवाचारी पद्धति से पढ़ाई करवाई गई। बच्चों के विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यालय से लेकर राज्य स्तर तक बस्तर का मार्गदर्शन करते आ रहे हैं। बस्तर में हुए राज्य स्तरीय विज्ञान मेला में इनके द्वारा सराहनीय कार्य किया गया। विज्ञान के क्षेत्र में इनका विशेष योगदान रहा है विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता कबाड़ से जुगाड़ राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस राष्ट्रीय आविष्कार अभियान अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताएं तथा विभिन्न विज्ञान के प्रतियोगिताओं के संचालन में एवं बच्चों के मार्गदर्शन में सहयोग कर रहे हैं। विद्यालय स्तर के युवा एवं इको क्लब को सक्रिय रूप से कार्य करते हुए कांगेरवेली नेशनल पार्क एवं जंगल सफारी नंदनवन रायपुर के विभिन्न कार्यक्रम में शामिल करते हुए बच्चों के साथ पर्यावरण संरक्षण में अपनी भूमिका निभा रहे हैं।

# सड़कों के निर्माण से इलाके के लोगों को मिल रही बारहमासी आवागमन में सहुलियत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सुशासन के एक साल की उपलब्धियों के तहत लोक निर्माण विभाग क्रमांक-2 के द्वारा 15 विकास कार्य को पूर्ण कर आमजनों को आधारभूत संरचना की सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। इन कार्यों में बजट में स्वीकृत सड़क निर्माण कार्य में बस्तर के बोदरा से चैड़ीघाट मार्ग का निर्माण में लंबाई 4 किमी., भैसगांव ठोटीपारा से अलवाली मार्ग का निर्माण 4 किमी., जिला नारायणपुर के तिरथा चैक (गुरिया चैक) से सुधापाल मार्ग का निर्माण 3 किमी. और सोरगाँव से जामगाँव मार्ग का निर्माण पुल पुलिया सहित 5.50 किमी, बस्तर के गुनपुर, जाटनपाल, गुटीगुड़ा पारा मार्ग का पुल-पुलियों सहित निर्माण कार्य 2.80 किमी., बुड़गीभाटा से चीतापुर मार्ग की लंबाई 7 किमी. पुल-पुलिया, राजपुर गुनपुर अलवाही मार्ग की सड़क निर्माण लंबाई 5 किमी., दरभा से धुरवारास मार्ग का सड़क निर्माण लंबाई 2 किमी., कोयपाल से कलेपाल मार्ग का निर्माण लंबाई 4 किमी., बस्तर के एनएच 16 से पटेलपारा मार्ग का निर्माण लंबाई 3 किमी., देऊरगांव मांगरापाल मार्ग का निर्माण लंबाई 5 किमी., फरसागुड़ा बेसोली मार्ग का सड़क निर्माण लंबाई 2 किमी को पूरा किया गया। इन सड़कों और पुल-पुलिया के बन जाने से इलाके के लोगों को बारहमासी आवागमन में सहुलियत हो रही है। साथ ही उक्त क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य इत्यादि सुविधाओं के विस्तार को बढ़ावा मिला है।


इसके अतिरिक्त बजट में स्वीकृत भवन निर्माण कार्य के तहत बस्तर के नगर पंचायत बस्तर में नवीन विश्राम गृह भवन का निर्माण कार्य को पूर्ण कर लिया गया है। जबकि जमा मद से स्वीकृत विकासखंड बस्तर के ऑडिटोरियम का नवीनीकरण एवं विस्तार का कार्य और भानपुरी में नवीन तहसील कार्यालय भवन का निर्माण को पूर्ण किया गया है।

# 28 वीं वाहिनी ने बैडमिंटन खेल प्रतियोगिता जीती

हारिभूमि न्यूज ▶▶| अंतागढ़

61 वाँ स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 28 वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अंतागढ़ में बैटमिंटन खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 28 वीं वाहिनी के अधिकारी एवं 33 वीं वाहिनी के अधिकारियों के बीच प्रतियोगिता हुआ।

आयोजित प्रतियोगिता में लंबे समय तक चले मैच में कड़ी टक्कर में 28 वीं वाहिनी ने प्रतियोगिता पर कब्जा जमा लिया। खेल समाप्ति के उपरान्त 28 वी वाहिनी के कार्रवाई उपमहानिरीक्षक अरुण देवगम ने सभी को खेल से जुड़े रहने व अपनी फिटनेस को बनाये रखने के लिए सभी कार्मिक को संबोधित किया।




रामेश्वरम धाम यात्रा

तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, सुन्द्रेश्वर महादेव, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै- माँ मिनाक्षी देवी, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, पद्मनादम् स्वामी, केरला, कन्याकुमारी

यात्रा दिनांक
22 दिसंबर 2024
12 जनवरी 2025
19 जनवरी 2025
16 फरवरी 2025
13 मार्च 2025
13 अप्रैल 2025
11 दिन की यात्रा

राशिः स्लीपर-18,500/-, 3AC-29,501/-

स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)